**खबर संक्षेप**

## स्काउटिंग से बौद्धिक एवं कला कौशल का विकास लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिन को विचार दिवस के रूप में मनाया



**शहडोल** । स्काउटिंग एवं गाइड आंदोलन के जनक लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन 22 फरवरी को विचार दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर नगर के भारत माता स्कूल में सुभाष स्काउट दल के स्काउट एवं गाइड छात्रों ने सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया। आयोजन में देशभक्ति गीतों की भी प्रस्तुति छात्रों ने दी। इस अवसर पर स्काउट प्रशिक्षक एस नंदन श्रीवास्तव ने छात्रों को स्काउट गाइड आंदोलन के बारे में बताते हुए कहा कि यह आंदोलन छात्रों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास में सहायक है छात्र अध्ययन के साथ ही अनेक जीवन उपयोगी गतिविधियों को भी सीखते हैं । खेल-खेल में ही अनेक प्रकार की गतिविधियां जैसे ध्वज शिष्टाचार, साहसिक गतिविधियों की जानकारी छात्रों को दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य किशोर श्रीवास्तव, स्काउट गाइड प्रशिक्षक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । आयोजन के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।

## 8 फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल**। जिले के ब्यौहारी पुलिस द्वारा लम्बे समय से विभिन्न अपराधों मे फरार अपराधी जिनका माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट एवं स्थायी वारंट जारी किया गया था, उनको 23 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पता तलाश कर फरार चल रहे 08 प्रकरण में अपराधियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त फरार आरोपियों में राजेश यादव पिता रामायादव निवासी ग्राम कुदरा, रामदीन कोल पिता चोधर कोल उम्र 50 वर्ष निवासी भमरहा प्रथम, रामलखन कोल पिता शंकर कोल उम्र 40 वर्ष निवासी सूखा, सत्यभान प्रजापति पिता सेमई प्रजापति निवासी कुदरा, कल्लू साकेत पिता छकौडी साकेत निवासी ग्राम नगनौडी, शांति साकेत पिता कल्लू साकेत निवासी ग्राम नगनौडी, रिंकू साकेत पिता कल्लू साकेत निवासी ग्राम नगनौडी, शिवकुमार अहिरवार पिता तेजबली अहिरवार निवासी आखेटपुर शामिल है। उक्त कार्यवाही एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी ब्यौहारी अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बालकरण प्रजापति, आरक्षक सुखदेव सिंह, त्रिलोक सिंह एवं महिला आरक्षक सरोज बैगा की भूमिका रही।

# जमुआ से कुदरी की शासकीय भूमि पर कारोबारी का कब्जा

### करोड़ों की सरकारी भूमि पर कब्जे से बेखबर राजस्व अमला

### मुख्यालय में ही राजस्व की भूमि पटवारी की शह पर हो रही खुर्द-बुर्द



कलेक्टर व राजस्व अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बाद भी सुदूर ग्रामों की बात तो दूर मुख्यालय में ही शासन की करोड़ों की भूमि पर कारोबारी लगातार अपना कब्जा करते नजर आ रहे हैं। भाजपा नेता और कारोबारी राज कुमार खरया के द्वारा ग्राम कुदरी की खसरा नंबर 504 राजस्व भूमि पर अवैध निर्माण की चर्चाएं चरम पर है।



**शहडोल**। राजस्व विभाग के निचले अमले और पटवारियों से सांठ-गांठ कर संभागीय मुख्यालय की बेसकीमती भूमि पर कहीं माफिया तो, कहीं कारोबारी व नेता अपने हिसाब से जुगाड़ बैठाकर कब्जा जमाते रहे हैं, इस मामले में मुख्यालय में दशको से जमें पटवारियों की भूमिका हर बार संदिग्ध रही है, नया मामला भाजपा नेता और कारोबारी राज कुमार खरया का है, जिन पर आरोप हैं कि उनके द्वारा ग्राम कुदरी की आराजी खसरा नंबर 504 राजस्व की भूमि पर बेजा कब्जा किया जा रहा है, इस मामले में राजस्व विभाग का निचला अमला क्यों अंजान है, यह समझ से परे है। जबकि शहडोल से बुढ़ार जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित कारोबारी के शो-रूम के पीछे के भू-खण्ड पर इनके अलावा, इनके पड़ोस के भी भू-स्वामियों ने भेड़ चाल में सरकारी भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया है।

### यहां हो रहा अवैध निर्माण

मुख्यालय के राजस्व ग्राम जमुआ में आराजी खसरा नंबर 345 में राज कुमार खरया के परिवार के बसंत खरया, ऋषि खरया, अनिल कुमार, विकास खरया, प्रसन्न खरया व तजेन्द्र कुमार के नाम पर 0.2230 हेक्टेयर जमीन राजस्व रिकार्डो में बताई जाती है, यह भू-खण्ड शहडोल से बुढ़ार जाने वाले मार्ग पर, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 के तिराहे से कुछ पहले सडक़ के दोनों ओर बताया जाता है, यहां ट्रैक्टर शो-रूम और अन्य प्रतिष्ठानों का संचालन निजी राजस्व की भूमि पर पहले से ही है। उक्त खसरा नंबर 345 से लगा हुआ राजस्व ग्राम कुदरी का 504 बताया जाता है। उक्त 504 खसरा नंबर में म.प्र. शासन की 1.3520 हेक्टेयर भूमि है, शासन की इसी भूमि पर खरया परिवार के



द्वारा अवैध निर्माण कराये जाने की शिकायतें सामने आ रही है।

### किसकी शह पर हो रहा निर्माण

संभागीय मुख्यालय के निकाय से सटे ग्राम गोरतरा, जमुआ व कुदरी में दर्जनों ऐसे स्थान है, जहां शासकीय भूमि को खुलेआम खुर्द-बुर्द किया जा रहा है, जमुआ राजस्व हलके से सटे ग्राम कुदरी के जिस आराजी खसरा नंबर 504 में अवैध निर्माण हो रहा है, उसकी अनुमति न तो, स्थानीय पंचायत द्वारा दी गई है और न ही टीएनसीपी से इसकी कोई वैध अनुमति ही है, शोरूम के पीछे खुलेआम निर्माण हो रहा है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हलके के जागरूक पटवारी और राजस्व निरीक्षक इस मामले से अंजान हो, यह भी बताया जा रहा है कि तहसील कार्यालय सोहागपुर से इस मामले में अवैध निर्माण की शह भी मिली हुई है।

### तीन माह पूर्व हुई थी कार्यवाही

जिस खसरा नंबर 504 पर खरया परिवार अवैध अतिक्रमण कर रहा है, यह पहला मौका नहीं है, जब अवैध निर्माण की शिकायतें सामने आई है, लगभग 3 माह पूर्व भी शिकायत के बाद स्थानीय पटवारी और राजस्व का अमला मौके पर पहुंचा था और अवैध निर्माण पर कार्यवाही की गई थी, इस मामले में तहसील से जुड़े सूत्र बताते हैं कि पटवारी आदि ने काम रूकवाने के बाद मौका पंचनामा तहसीलदार न्यायालय में प्रस्तुत भी किया था, संभवतः इस मामले में राजनैतिक रसूख और कारोबारी के अर्थ से प्रभावित होकर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### करोड़ों की भूमि खुर्द-बुर्द

वर्तमान में शासन के जिस आराजी खसरा नंबर 504 पर निर्माण हो रहा है, उसका कुल रकवा 1.3520 हेक्टेयर, कुल वर्ग फिट 1 लाख 45 हजार 528 भूमि जो वर्तमान बाजार भाव से 7 से 8 करोड़ के बीच की बताई जा रही है। यह पहला मामला नहीं है जब स्थानीय पटवारी की शह पर राजस्व की भूमि पर इस तरह का खुला-खेल किया जा रहा हो, इससे पहले भी ग्राम कुदरी के कई मामले सामने आये हैं। बावजूद इसके राजस्व विभाग के अधिनस्थ कर्मचारी अपने भूमि की रक्षा करने की जगह, उसे खुर्द-बुर्द होता देख रहे हैं।





### इनका कहना है...

वर्तमान में अवैध निर्माण की जानकारी नहीं है, पूर्व में शिकायत आई थी, काम रूकवाया था, कल फिर मामले की मौके पर जाकर जांच कर लेंगे।

**राकेश पाण्डेय**
**पटवारी**
**हलका, ग्राम कुदरी**

****

यदि शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण हो रहा है तो, गलत है। मौके पर निर्माण और खसरा नंबर आदि की जांच कराई जायेगी।

**अरविंद शाह**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व**
**सोहागपुर**

# आर्या पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

### नन्हे-मुन्हें बच्चों ने दी अद्भुत प्रस्तुतियां

**शहडोल**। जिले के जयसिंहनगर आर्या पब्लिक स्कूल के संचालक ध्रुवसेन सिंह चौहान के मार्गदर्शन में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया । इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, विधायक विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल सहित कई जानी-मानी हस्तियां कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के संचालक ध्रुवसेन सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा उपस्थित अतिथियों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे छोटे से कस्बे में इस तरह का कार्यक्रम करना निश्चित ही काबिले तारीफ है। जिस प्रकार से सभी बच्चों ने प्रस्तुतियां दी हैं, निश्चित ही सबके मन मोह लिए हैं ।

आर्या पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गयी, प्रस्तुति को देखते हुए ऐसा लग रहा था कि मैं किसी वॉलीवुड थिएटर में बैठकर कार्यक्रम देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को नृत्य कला की बारीकियां जिस शिक्षक द्वारा सिखाई गयी हैं, वह सराहनीय है। विधायक ने अपने उद्बोधन में





अभिभावकों से कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अपने बच्चे का इस विद्यालय में प्रवेश कराकर विद्यालय का बेहतर चयन किया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, विधायक शरद जुगलाल कोल, नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर, संगीतकार प्रकाश तिवारी, कविता सिंह अध्यक्ष सरपंच संघ, संचालक ध्रुवसेन सिंह चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक कुमार मरावी, राजेश द्विवेदी एवं रामनारायण पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष, निर्मल द्विवेदी राम प्रसाद पयासी, नीरज शर्मा, दीपक केसरवानी, राजेंद्र शर्मा, पत्रकार वेदप्रकाश द्विवेदी एवं सुनील द्विवेदी, डॉक्टर अनूप मिश्रा, भा.शि.मं. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्य भारत महाकौशल एवं मलवा प्रांत संगठन मंत्री कौशल जी, इंजीनियर आर.बी.सिंह डायरेक्टर टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, डॉक्टर विक्रम सिंह, प्रमोद द्विवेदी, अभय कुमार सिंह, नीरज कुमार, रोशनी प्रसाद मिश्रा, रजनीश जायसवाल प्रजीत साकेत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, अभिभावक गण, समाजसेवी, एवं नगर सहित आस - पास के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रबंध संचालक मधुलिका सिंह के द्वारा एवं आभार प्रकट प्राचार्य सूरज अग्निहोत्री द्वारा किया गया ।

# बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण करने पहुंचे सांसद



### जनपद सभागार में की विकास कार्यों की समीक्षा

**शहडोल**। जिले के जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कौआसरई में खनिज मद लागत 20 लाख रुपये से बनी मॉडल स्कूल के बाउंड्री वॉल का लोकार्पण सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल और जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह के द्वारा किया गया। कौआसरई के गौशाला में गौरक्षा पावन पर्व कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा द्वारा ग्रामीणों का आभार प्रकट किया, इसके बाद उन्होंने जनपद पंचायत जयसिंहनगर सभागार में खण्ड स्तरीय बैठक का मुआयना किया। मुख्य रूप से आवास सर्वे, बिजली, धरती आबा योजना, स्वास्थ्य विभाग पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, जनपद अध्यक्ष मालती सिंह, उपाध्यक्ष रक्षा सिब्बू सिंह, एसडीएम प्रगति वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी, तहसीलदार सुषमा धुर्वे , सांसद प्रतिनिधि सीधी विमलेश मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि जयसिंहनगर रावेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सीधी संजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जयसिंहनगर जयश्री कचेर, जनपद सदस्य रामप्रसाद पयासी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# लकड़ी के छिलके से लोड मिनी ट्रक में लगी आग

**शहडोल**। जिले के खैरहा थाना क्षेत्र के करकटी गांव में मिनी ट्रक में अचानक शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई, आग ने पूरे ट्रक को अपने आगोश में ले लिया और मिनी ट्रक धू-धूकर जलकर राख हो गया है। खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों को बुलाया, लेकिन जब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी, कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया, लेकिन जब तक वाहन जल कर राख हो चुका था। ट्रक में लकड़ी का छिलका लोड था। चालक ने बताया कि वाहन में लकड़ी का छिलका लोड कर वह पेपर मिल से भिलाई जा रहा था। तभी रास्ते में करकटी गांव के पास मिनी ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से इंजन में आग लग गई, समय रहते ही चालक ने उसे बुझाने की उतरकर कोशिश की, लेकिन चालक की कोशिश नाकाम रही। घटना देख स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस की डायल हंड्रेड को दी, जानकारी लगने के बाद डायल 100 पुलिस के साथ थाना प्रभारी दिलीप सिंह अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, और दमकल कर्मियों को मामले की खबर दी गई। धनपुरी का दमकल वाहन मौके पर पहुंचा जब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार मिनी ट्रक का चालक अशोक सिंह रायपुर का रहने वाला है और वह पेपर मिल अमलाई से लकड़ी का छिलका लेकर भिलाई जा रहा था, तभी रास्ते में यह घटना घटी है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है, चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इनका कहना है...

स्थानीय स्तर पर पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन वाहन में लकड़ी का छिलका लोड होने से आग को बुझा पाना मुमकिन नहीं था। जब दमकल वाहन मौके पर पहुंचा तो, उसने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया है, लेकिन जब तक वाहन जलकर राख हो चुका है।

**दिलीप सिंह**
**थाना प्रभारी, खैरहा**

# विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियाँ जोरों पर

**शहडोल**। पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में आगामी चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियाँ पूरी रफ्तार से चल रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को भव्य और यादगार बनाने के लिए विशेष आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। उक्त आयोजन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल की गरिमामई उपस्थित में संपन्न होगा। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.डी.एन बाजपेई दीक्षांत उद्बोधन देंगें। समारोह में विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, विशिष्ट अतिथियों और सम्माननीय व्यक्तित्वों के द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारियों, शिक्षकों, और छात्रों के साथ-साथ उनके परिजन भी शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय परिसर में व्यापक सफाई और सजावट की जा रही है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए हैं ताकि आयोजन शांतिपूर्वक और सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

## खबर संक्षेप

### 24 को किसान सम्मान निधि का होगा वितरण

**उमरिया।** किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19 वी किश्त का वितरण 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे से भागलपुर बिहार से आयोजित होगा। जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के सभागार देखा एवं सुना जा सकेगा। कार्यक्रम किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है।

### कोयले से भरे गहरे गोफ को खनिज विभाग ने कराया बंद



**उमरिया।** जिले के पाली थाना अंतर्गत ग्राम ओदरी में दर्जन भर से अधिक अवैध कोयला खदानों में खनिज विभाग ने कार्यवाही की है। बताया जाता है कि इन सभी अवैध खदानों में मशीन की मदद से मिट्टी भरा दी गई है। घुनघुटी चौकी से करीब 18 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम ओदरी से सटा ठाकुर बाबा क्षेत्र है, यही करीब दर्जन भर से अधिक कई फिट गहरे गोफ बनाये गए है,जिसकी जानकारी के बाद शनिवार की दोपहर खनिज विभाग एवं पुलिस टीम की मदद से गोफ को बंद किया गया है।कार्यवाही के दौरान खनिज विभाग के नरबद सिंह आरमो एवं पाली पुलिस मौजूद रही।

### 27 फरवरी को मछुआ समितियो समूहों के पंजीयन के लिए शिविर

**उमरिया।** सहायक संचालक मत्स्त्योद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृध्दि सह योजना अंतर्गत नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म पर मत्स्य व्यवसाय से जुडे किसानो एवं संस्थाओं का पंजीयन किया जाना है । नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म पर योजना के तहत ऋण सुविधा सहकारी समितियो का सशक्तिकरण, जलीय कृषि बीमा, प्रदर्शन अनुदान, ट्रेसेबिलिटी प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण आदि गतिविधियों के आवेदन भारत सरकार व्दारा प्राप्त किए जा रहे है ।

## आदेश के बावजूद मूल पद के लिए रिलीव नहीं हो रहा

# लेखापाल को बचाने आदेश की धज्जियां उड़ा रहे व्हीसी

### राजपाल को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में छात्र संघ

**शहडोल।** शासन के आदेशों को ठोकर मारकर स्वेच्छाचारी आचरण करने के मामले में विश्वविद्यालय के गरिमापूर्ण पदाधिकारी भी किसी से पीछे नहीं हैं। विश्वविद्यालय की अंदरुनी प्रशासनिक प्रक्रिया में इन्ही का राज चलता है। भले ही शासन के आदेशों की मंशा कुछ और ही हो, लेकिन शासन के आदेश यहां कोई मायने नहीं रखते। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय अभी कुछ ही वर्षों पूर्व अस्तित्व में आया है और गैरजिम्मेदाराना क्रिया कलापों के कारण विवादों के घेरे में आने लगा है। इन दिनों भी एक प्रतिनियुक्ति और स्थानांतरण के आदेश को लेकर इसकी काफी चर्चाएं हैं। बताया जाता है कि उच्च विभाग के आदेश को हवा में उड़ाते हुए पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल के कुलपति राम शंकर एवं रजिस्टर ने सरकार की प्रबंधन व्यवस्था की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। मामला यह है कि उमरिया महाविद्यालय में पदस्थ लेखापाल कमलभान पिछले कुछ वर्षों से पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर है, लेकिन शासकीय आदेश के बावजूद इसे उमरिया के लिए रिलीव नहीं किया जा रहा है।

#### आदेश को दिखाया ठेंगा

एक जानकारी के अनुसारा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने 14 फरवरी 2025 को आरव्हीपीएस पीजी महाविद्यालय उमरिया में पदस्थ लेखापाल कमल भान को उमरिया महाविद्यालय में उसके मूल पद स्थापना पर वापसी के आदेश दिए थे। लेकिन आदेश के 10 दिन बाद भी कमलभान को विश्वविद्यालय के कुलपति ने लेखापाल को रिलीव नहीं किया। कुलपति द्वारा इस मामले में हठधर्मिता व स्वेच्छाचारिता का परिचय दिया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि बीते कई वर्षों से पं. एस एन शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल में कमलभान



प्रतिनियुक्ति पर आया था और धीरे-धीरे उसने अपने पैर जमा लिए। वह कुलपति का चहेता बन गया, उसके लिए कुलपति ने शासन के आदेश की भी अवज्ञा कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग ने एक आदेश के तहत कमलभान की तत्काल प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उमरिया महाविद्यालय में उसके मूल पद स्थापना पर वापसी के आदेश दिए थे।

#### हटाए जाने पर नहीं हटा

गंभीर सवाल यह है कि जहां उमरिया महाविद्यालय में लेखापाल का टोटा है, वही विश्वविद्यालय में एक लेखापाल को का बनाकर विश्वविद्यालय के कुलपति को संदेहो के कटघरे में खड़ा कर रहा है। सूत्रों की माने तो पिछले कुलपति के कार्यकाल में भी कमल भान नामक लेखापाल की कार्य शैली काफी चर्चे में रही। जिसके बाद लेखापाल को विश्वविद्यालय से हटाया भी गया था, लेकिन उस समय भी वर्तमान कुलपति लेखापाल को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते रहे। बार बार उसका बचाव किए जाने से वह उमरिया अपनी मूलपदस्थापना के लिए वापस नहीं हो सका। शासन का आदेश मानने के लिए कुलपति शायद तैयार नहीं हैं। उनके द्वारा कमलभान का संरक्षण किए जाने से मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

#### हटाए जाने पर भी नहीं हटा

महाविद्यालय में लेखापाल की कमी को



लेकर बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक व एनएसयूआई ने इस मुद्दे को गंभीरता से ऊपर तक उठाया था। जिसके बाद हरकत में आते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने लेखापाल को एकतरफा मुक्त कर दिया था। बावजूद उसके आज तक विश्वविद्यालय द्वारा रिलीव ना किए जाने को लेकर तरह-तरह की बातें खड़ी होने लगी है। सच यह है कि कमलभान के मामले में कुलपति कोई सुनवाई ही नहीं करना चाहते हैं। उसे वे संरक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। कमलभान यहां सर्वेसर्वा जैसा बना हुआ है। वह कर्मचारियों व छात्रों से अभद्रता भी करता रहता है। जिसकी शिकायत होती है पर विश्वविद्यालय के आका उसके बगलगीर बने हुए हैं। जानकारों की माने तो शातिर लेखापाल की कमियां जब पिछले कुलपति ने पकड़ी और विश्वविद्यालय से हटाने की कार्यवाही की उसी दौरान समय की नजाकत को समझते हुए लेखापाल दूसरा पैतरा खेलते हुए नये कुलपति के शरण में जा पड़ा और एक दूसरे की बुराई कर करके अपनी जगह पक्की कर ली।

#### वीसी का पहुंच मार्ग बना है

सूत्रों की माने तो विश्वविद्यालय में कोई भी फाइल और वीसी तक पहुंचने के लिए सबसे पहले सुपर वीसी यनि की कमलभान से मिलाना पड़ता है, बिना कमलभान के सहमति और सुकृति के विश्वविद्यालय का एक पत्ता नहीं हिलता है, रजिस्टर समेत प्रोफेसर से नौकरों की तरह बिहेव करने वाले पिए का जलजला देखते ही बनता है। जिसमें इसके द्वारा जमकर मनमानी की जाती है। जो कागज कमलभान चाहता है वही कागज वीसी तक पहुंच पाता है। जिन्हे कमलभान चाहता है वही लोग व्हीसी से मिल पाते हैं, पहले कमलभान को संतुष्ट करना पड़ता है। कुलपति के दाहिने हाथ माने जाने वाले पर्सनल असिस्टेंट के दबंगई के चलते प्रोफेसर समेत छोटे-मोटे कर्मचारी भी जिल्लत की जिंदगी और डरे सहमे नौकरी करने को मजबूर है। कमलभान के आचरण के कारण विश्वविद्यालय का आंतरिक वैचारिक एवं टीम भावना के साथ काम करने वाली ग्रोथ दफन हो कर रह गई है।

#### राजपाल को सूचित करने की तैयारी

छात्र संघ एनएसयूआई आने वाले 25 फरवरी को राज्यपाल के दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की हठधर्मिता एवं उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी लेखापाल को कार्य मुक्त न करने के विरोध में राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहा है। छात्र संघ के पदाधिकारी के अनुसार यदि समय रहते लेखापाल को तत्काल विश्वविद्यालय द्वारा रिलीव नहीं किया गया तो वह राज्यपाल से मिलकर कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध ज्ञापन सौपेंगे। इसके अलावा छात्र संगठन विश्वविद्यालय के आंतरिक गतिरोधों को भी राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत करेगा। कारण यह है कि विश्विद्यालय दिनोदिन अव्यवस्थाओं की ओर बढ़ता जा रहा है।

#### इनका कहना है...


14 फरवरी को आदेश जारी हुआ था, बेटे की शादी के कारण मैं उसी दिन से छुट्टी पर हूं, शासन का मुलाजिम हूं, जब रिलीव करेंगे, जहां आदेश होगा, जाकर नौकरी करूंगा, मैं व्यक्ति से नहीं कुर्सी से बंधा हूं।

**कमलभान सिंह**
**लेखापाल**
**पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय, शहडोल**

******

प्रतिनियुक्ति समाप्ति और लेखापाल कमलभान कार्य मुक्त करने का आदेश मिला है, लेकिन स्टॉफ की कमी है, व्हीसी सर ने उच्च शिक्षा विभाग को नई नियुक्ति तक लेखापाल को यही रहने की चर्चा की है। इसीलिए अभी तक आदेश के बाद भी कार्य मुक्त नहीं किया।

**आशीष तिवारी**
**रजिस्टार**




**पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय, शहडोल**

*****

स्टॉफ की काफी कमी है, इसी वजह से अभी रिलीव नहीं किया, बाकी मेरे नाम या पद की आड़ में दुरूपयोग करना गलत जानकारी हैं। शासन को पत्र लिख स्टॉफ मांगा है।

**प्रो. राम शंकर**
**कुलपति**
**पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय, शहडोल**

****

इस संदर्भ में हम पत्रों का अवलोकन कर चर्चा करते हैं, यदि ऐसा है तो, शीघ्र अग्रिम कार्यवाही होगी।

**अनुपम राजन**
**अपर मुख्य सचिव**
**उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल**



## विधायक ने हाट बाजार का किया शुभारंभ

**उमरिया।** बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने गत दिवस ग्राम बंधवाटोला के कल्दा तिराहे पर हाट बाजार का शुभारंभकिया। उन्होंने कहा कि हाट बाजार खुलने से क्षेत्र मे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं तथा आर्थिक समृद्धि आती है। गांव के समीप बाजार लगने से अब लोगो को खरीददारी के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। इसका फायदा आसपास के लगभग 15 गांवों को मिलेगा। हाट बजार शुभारंभ अवसर पर विधायक शिवनारायण सिंह, नौरोजाबाद तहसीलदार अभयानंद शर्मा, ग्राम पंचायत बंधवा टोला की सरपंच माया सिंह, जनपद सदस्य लल्ली बाई, ग्राम पंचायत पठारी के सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम, करकेली सरपंच भैया बहादुर सिंह, राममिलन यादव, राजेश यादव, महेंद्र सिंह, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर दीं शुभकामनाएं

### युवा टीम द्वारा बच्चों को कलम प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व बिरसिंहपुर पाली के बालिका आदिवासी छात्रावास में उपस्थित सभी बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों की उपस्थिति में विद्या की देवी मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर विद्यार्थियों को तिलक वंदन व कलम प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, आदिवासी छात्रावास अधिक्षिका अर्चना सिंह, टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,खुशबू बर्मन के द्वारा विद्यार्थियों के तिलक कर पेन प्रदान की गई।

पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने विद्यार्थियों को कहा कि तनाव मुक्त होकर बोर्ड परीक्षाएं दें।किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए सही मानसिक स्थिति के साथ-साथ स्वस्थ रहना भी जरूरी है। यदि आप अच्छी तरह से आराम कर रहे हैं, बैलेंस्ड डाइट खा रहे हैं और नियमित रूप से एक्सरसाइज कर रहे हैं तो ही आप एनर्जेटिक और इंस्पायर्ड महसूस करेंगे। इससे आपको बेहतर ध्यान केंद्रित करने और परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी। ध्यान से पढाई करने के लिए अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें।



प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे व छात्रावास अधिक्षिका अर्चना सिंह ने छात्रावास की छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान सकारात्मक सोच रखने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठने का आवाहन किया।

टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिए।उन्होंने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों को परीक्षा के दौरान तनाव को झेलने के लिए खुद को सामथ्र्यवान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल में होने वाले तनाव से बचने के लिए निश्चिंत होकर परीक्षा देने जाएं, परीक्षा के पहले निरन्तर लिखने का अभ्यास करते रहें, जिससे परीक्षा हॉल में तनाव दूर हो, स्वयं पर भरोसा रखें। इस दौरान छात्रावास की छात्रा सुजाता बैगा,भारती बैगा,प्रिया बैगा,अनामिका सिंह,मुस्कान बैगा,भारती बैगा,पुष्पा मेहरा,रिंकू सिंह,सरस्वती बैगा,सविता सिंह,पुष्पलाता सिंह,कमला सिंह, नीलम अगरिया देवरिया अगरिया संतोषी सिंह राधा सिंह,पूजा बैगा,रागिनी, व सभी उपस्थित रहे।

## थाना रामनगर द्वारा 4 वर्ष पूर्व गुमशुदा युवती को किया दस्तयाब



**राजनगर।** सूचनाकर्ता स्नेहसिंह उम्र 25 वर्ष निवासी इंद्रा नगर, राजनगर थाना रामनगर के द्वारा दिनांक 09.08.21 को गुमसुदा कु. सीमा परिहार (परिवर्तित) उम्र 25 वर्ष के गुमशुदगी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया था जिस पर थाना रामनगर में गुम इंसान क्र 25/21 कायम कर जांच में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में गुमशुदा युवती को दिनांक 21.02.2025 को दस्तयाब किया गया है। उक्त युवती अपने घर मे बिना बताये अपनी मर्जी से पूर्व में इंदौर जाना बाद अपनी बहन के घर सिंहपुर जिला सतना चली गई थी। पता तलाश के दौरान सिंहपुर जाकर दस्तयाब किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त दस्तयाबी की कार्रवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुमित कौशिक, प्रआर श्याम शुक्ला की भूमिका रही है।

## रामनगर पुलिस द्वारा लापता लडकी को दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द



**राजनगर।** 45 वर्षीय महिला निवासी वार्ड कं० 01 न्यू डोला रामनगर की थाना उपस्थित आकर जबानी रिपोर्ट लेख करायी कि मेरी छोटी लड़की दिनांक 23.12.24 को सुबह 11.00 बजे करीवन मैं तथा मेरा पत्ति बकरी चराने जंगल तरफ चले गये थे वापस आने पर देखे मेरी लड़की उम्र 16 वर्ष 04 माह की घर में नहीं थी। रिपोर्ट पर थाना रामनगर में अपराध कं० 388/24 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के द्वारा नाबालिक अपहता का शीघ्र पता लगाकर दस्तयाब करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया जिसके पालन में तत्परता से प्रकरण की विवेचना के दौरान सायबर सेल के माध्यम से नाबालिक अपहता की पत्ता तलाश किया गया जिसे आज दिनांक 22.02.25 को अपहता बालिका को जिला कटिहार (बिहार) से दस्तयाव किया जाकर न्यायालय कोतमा में धारा 183 बीएनएसएस के अन्तर्गत कथन कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर उपनिरी सुमित कौशिक के कुशल नेतृत्व में सउनि अशोक सिंह, प्रआर० 31 निरंजन खलखो, महिला आर० 357 पूजा राजपूत एवं राजेंद्र अहिरवार, पंकज मिश्रा सायबर सेल अनूपपुर का सराहनीय योगदान रहा।

## तुर्राधाम में धूमधाम से निकलेगी भगवान भोलेनाथ की बारात

### महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित होंगे कई आयोजन

**राजनगर।** अनूपपुर जिले के अंतिम छोर में बसे नगर परिषद डोला के पावन धाम जो कि तुर्राधाम के नाम से जाना जाता है जहां पर रामनगर तुर्राधाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती एवं हनुमान जी के साथ ही शनि देव विराजमान है। एवं चारों तरफ हरे भरे वृक्ष एवं प्राकृतिक जलधारा जहां विगत 40 वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का अखंड मानस एवं दो दिवस भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार म. प्र. शासन, विशिष्ठ अतिथि यू.सी. शर्मा क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र, सुनील प्रसाद उप क्षेत्रीय प्रबंधक ओ.सी.पी, एस.के महतो उप क्षेत्रीय प्रबंधक जे.के.डी की उपस्थिति में किया जाना है। जिसमें तुर्राधाम जन कल्याण समिति के सदस्यों व नगर परिषद डोला की अध्यक्ष रेनू सुरेश कोल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश मार्को ने अपील की है कि भगवान भोलेनाथ की बारात में सम्मिलित होकर नगर की शोभा को बढ़ाएं।



### धूमधाम से निकलेगी भगवान भोलेनाथ की बारात, कई बाराती होंगे शामिल

नगर परिषद डोला में हनुमान मंदिर एवं भोलेनाथ के मंदिर प्रांगण से भगवान भोलेनाथ की बारात धूमधाम से बैंड बाजों के साथ तुर्राधाम तक जाएगी जहां नगर की जनता उत्साह पूर्वक बारात देखने के लिए सड़कों के किनारे खड़े रहते हैं। 26 फरवरी को अखंड मानस सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा एवं दूसरे दिन पूणार्हुति के बाद 27 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ ही महिला मंडली द्वारा शिव चर्चा का आयोजन भी किया जाएगा। बारातियों का स्वागत नगर के लोगों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर किया जाता है साथ ही भोलेनाथ कि बारात में शामिल सभी बाराती झूमते नाचते हुए शामिल होंगे। तुर्राधाम में बारातियो के लिए भोजन की व्यवस्था तुर्राधाम जन कल्याण समिति द्वारा की गई है। 27 फरवरी गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कन्या भोज में कम से कम 101 कन्याओं को भोजन कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर लगने से प्रौढ़ की थमी सांसें

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के कन्हवारा गांव में साइकिल सवार को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिसमें प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई आपको बता दे कि कुठला पुलिस ने शनिवार दोपहर 1 बजे बताया कि ग्राम छघरा निवासी हरछटिया चौधरी 50 साल को अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने शुक्रवार देर रात टक्कर मार दी। जिसके कारण हरछटिया चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पहले कन्हवारा अस्पताल में भर्ती कराया गया।हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस अज्ञात बाइक सवार की जानकारी जुटा रही है।

### पुलिस की मौजूदगी में विमं कर्मियों ने लगाई डीपी

**कटनी।** ग्रामीणों के विरोध के कारण कई बार विद्युत कर्मचारी गांव तो गए मगर उन्हें डीपी लगाने में सफलता नहीं मिली। मामला बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंहुड़ी का है। पुलिस की मौजूदगी में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सिंहुड़ी में डीपी लगाने के कार्य को सम्पन्न किया। इस दौरान बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने ग्रामीणों से जन संवाद करते हुए क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा उन्हें जागरुक करते हुए क्षेत्र की अपराधिक गतिविधियों एवं कानूनी व्यवस्था को भंग करने वालों के विषय में पुलिस को जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बाकल थाना प्रभारी सहित प्रधान आरक्षक जोगिंदर तिवारी, महिला आरक्षक रोशनी पटेल, आरक्षक अजय कलमें एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### नेशनल लोक अदालत आयोजन 08 मार्च को

**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल नेतृत्व में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय कटनी तथा तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चौक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा।

### किसान सम्मान निधि किस्त का वितरण

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बिहार के भागलपुर में 24 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 19वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 19वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपये की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीईओ जिला पंचायत, जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों व उप संचालक कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाये जाने के संबंध में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । कलेक्टर श्री यादव द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित करें।

# छात्र अपने अभिभावकों के आदर्शों के मार्ग पर चलकर अपने भविष्य को निखारें: पुलिस अधीक्षक





### विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी एवं बचपन प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक मंचीय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

बुढार।




विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी एवं बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। म.प्र. बाल संरक्षण आयोग सदस्य मेघा पवार के मुख्यातिथ में एवं पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव, सोहागपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल बुढार -धनपुरी का संयुक्त वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया और विद्यालय के छात्राओं ने विद्युत की आकर्षक छटा के मध्य एक से बढ़कर अनेक मंचीय संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिनकी अतिथियों व अभिभावकों नें मुक्क्तकंठ से सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथ, व अतिथियों ने ज्ञान के सागर परम पूज्य विद्यासागर जी महाराज, वीणा वादिनी मां सरस्वती जी, शहीद भगत सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार - मोहन नामदेव, आशीष नामदेव,भारत विकास परिषद के एस.पी. शर्मा, आलोक खोड़यार, डॉ शेखर जैन, नितिन जैन की विशिष्ट उपस्थिति रही।

इस अवसर पर -विद्यालय के डायरेक्टर सृजनेश जैन ने मुख्यातिथ व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - छात्र-छात्राओं को शिक्षा का मुख्य लाभ अर्जित कराने विद्यालय का पूर्ण प्रयास सदैव रहा है जिसका सार्थक परिणाम विद्यालय को अर्जित हुआ और सांस्कृतिक कार्यक्रम के इस तरह के गतिविधि से छात्रों की प्रतिभा प्रदर्शित का स्वर्णीम अवसर प्रदत्त कराया जा रहा है, जो उपलब्धि पूर्ण है। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा ग्यारहवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिकोत्सव पर भक्तिभाव से ओतप्रोत नृत्य एवं मनमोहक गीतों की प्रस्तुति की खूब सराहना की और करतल ध्वनि से स्वागत कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की मुख्यातिथ म.प्र. बाल संरक्षण आयोग सदस्य मेघा पवार ने विद्यालयीन छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहाकि - शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को सांस्कृतिक कार्यक्रम की दिशा में प्रेरित किया जाना निःसंदेह सराहनीय है क्योंकि विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रतिभा निखारनें का अवसर मिलता है, और वे प्रेरणा अर्जित कर संस्कारवान बनते हैं। श्रीमती पवार ने कहाकि - छात्रों की परीक्षायें भी नजदीक हैं, जिसमें अव्वल रहनें उन्हें पूरे मनोयोग से जुटनें की नितांत आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने विद्यालयीन छात्रों को शुभकामनायें देते हुये कहाकि - छात्रों में प्रतिभा की कोई कर्मी नही है, उन्हें प्रोत्साहित करनें की मात्र आवश्यकता है, छात्र पूरे मनोयोग से शिक्षा ग्रहण कर अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हो तथा अपनें जीवन में बड़ों का सम्मान करते हुये पवनसुत श्री हनुमान जी की तरह विनम्र बने सफलता की उंचाईयां निश्चित ही मिलेगी। कार्यक्रम के मध्य विद्यालय की पूर्व छात्रा - तानिया मोटवानी जिन्हें महामहिम राज्यपाल के द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाना है जिनका सम्मान किया गया वहीं कक्षा 12वीं के पूर्व घोषित परिणाम में जिले की प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान अर्जित करने वाली छात्रा परी जैन को स्मृति चिन्ह देकर मुख्यातिथ नें सम्मानित किया तथा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रतिभागियों को भी अतिथियों ने पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य सुधेश जैन ने कार्यक्रम में पधारे मुख्यातिथ,अतिथियों व अभिभावकों के प्रति आभार जताया।

#### बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

वार्षिकोत्सव समारोह में नर्सरी से लेकर 4 तक बच्चों से देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे पुलिस कप्तान राम जी श्रीवास्तव ने मुक्तकंठ से सराहना की, इसके आलावा गणेश वंदना, रामायण, महाभारत एवं राजस्थानी नुत्य का छात्र छात्राओं ने प्रदर्शन किया जो आकर्षण का केंद्र रहें। कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल धनपुरी के आरती तिवारी, ज्योति सोनी, गीतांजलि लहगीर,सजल जैन,याशिका जगवानी, श्रुति गुप्ता, लक्ष्मी नामदेव,पायल सिंह, एवं विघासागर से शिक्षिक गंगा राम शुक्ला, प्रेम लाल मिश्रा, रंजना सराफ नेहा तिवारी,कांता केवट, अनुष्का द्विवेदी, निधि गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र रुद्रांश सिंह व छात्रा रंजना शर्मा ने किया।

# कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिज्ञासाओं का समाधान भी किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधन 2021 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते, की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में नयन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास, जिला कटनी द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उद्देश्य, बाल संरक्षण के क्षेत्र में चुनौतियों, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित समसामयिक विषयों पर उद्बोधन दिया गया । तदोपरांत अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा अपने उदबोधन में समस्त प्रतिभागियों को बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ करने के लिये प्रेरित कर विभिन्न विभागों एवं संस्थाएं को आपसी समन्वय स्थापित कर एक टीम के रूप में बाल संरक्षण एवं सुरक्षा के लिये कार्य करनें की बात कही।

# हवन पूर्णाहुति के साथ होगा विशाल भंडारा




चिन्नोडी।

सार्वजनिक श्री राम कथा यज्ञ महोत्सव,भक्त हनुमत धाम नेमुहा के संयोजक ने बताया कि 15 से 26 फरवरी तक चलने वाले यज्ञ महोत्सव में मंगलवार को हवन पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा संगीतमय बाल्मीकि रामायण श्री राम कथा यज्ञ महोत्सव में क्षेत्र के लोगों का ,श्रोताओं का उक्त मनमोहक कथा श्रवण कर मन मुग्ध हैं।

# जगुवा ग्राम के आसपास बाघ की मूवमेंट मिलने पर हाथियों से की जा रही सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही तहसील के ग्राम जगुवा पनपथा बफर जोन क्षेत्र बांधवगढ़ नेशनल पार्क की सीमा से लगा हुआ है कुछ दिनों पहले बाघ ने दो ग्रामीणों पर हमला कर लहुलुहान कर दिया था ग्रामीणों व स्कूली छात्रों में बाघ की दहशत का माहौल बना था इसके बाद वनविभाग ने ललटेना की झाड़ियों की सफाई जेसीबी से करवाया की साफ-सफाई दिखे कहीं छुपकर झाड़ियों में बाघ शिकार के लिए बैठा रहता था फिर भी राहर व सरसों में छिपने का अड्डा बना लेता है फसल की सफाई नहीं हो सकती किसानों का जीवन उपार्जन है।

बफर जोन एरिया के ग्रामों में आयें दिनों खतरनाक जंगली जानवरों की आहट बनी रहती है ग्रामीणों ने बताया की ग्राम जगुवा के आसपास फिर बाघ देखने को मिला ग्रामीणों में दहशत वन विभाग का कहना है बाघ का मोमेंट जगुवा के आसपास मिला वन अमला हरक़त में आया हाथियों से सर्चिंग की जा रही है 24घंटे सुरक्षा को लेकर कर्मचारी व अधिकारी तैनात हैं गश्त भी चल रही है बाघ को हाथी ने जंगल की ओर कई बार खदेड़ा फिर भी आ जाता है।

गांव वालों को हिदायत दी गई है की बाघ के मोमेंट वाले क्षेत्र में आवागमन न करें सावधान रहें सुरक्षित रहें बाघ होने की जानकारी तत्काल वनविभाग को दें।।

# अवैध वेंडर ने किया चाकू से हमला, तीन महिलाओं सहित एक व्यक्ति हुआ घायल

**दानापुर एक्सप्रेस में हुई घटना, पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों पर अवैध वेंडरों द्वारा हमले की घटनाएं बढ़ रहीं है। अभी कुछ दिनों पूर्व अवैध वेंडर द्वारा मारपीट की घटना के बाद एक बार फिर दानापुर पुणे एक्सप्रेस में अवैध वेंडर के द्वारा चाकू बाजी किए जाने की घटना सामने आई है। चाकू बाजी की घटना में ट्रेन में यात्रा कर रही महिलाएं और पुरुष घायल हुए हैं। घायलों की शिकायत के आधार पर जीआरपी पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आपको बता दें कि यह पहला अवसर नहीं है जब अवैध वेंडर ने इस तरह से कटनी स्टेशन या फिर यात्री ट्रेन में चाकू बाजी की घटना को अंजाम दिया हो। इसके पहले भी इस तरह के गंभीर मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके बावजूद जीआरपी पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण अपराधिक तत्वों पर अंकुश नहीं लग सका सका।

सूत्रों के मुताबिक मैहर से दानापुर पुणे एक्सप्रेस ट्रेन में सवार निवासी बासा पथरिया के पुरुष एवम महिला पर चलती ट्रेन में अवैध वेंडर ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है की इस घटना में तीन महिला एवं एक पुरुष यात्री घायल हुआ है। जिन्हे कटनी जीआरपी पुलिस द्वारा इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया की दानापुर पुणे एक्सप्रेस की घटना सामने आई है। जिसमे पैंट्री कार के वेंडर से यात्रियों का विवाद हुआ और किसी नुकीली चीज से वेंडर ने उन पर हमला कर दिया। घायल यात्रियों को जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है। इस मामले में घायल यात्रियों ने बताया की ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने की वजह से पानी बेचने वाले वेंडर से बातचीत हुई और उसने ट्रेन की चेन पुलिंग की कुछ अन्य उसके साथी भी ट्रेन में आ गए और उन्होंने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें हमारे साथ तीन महिला और एक पुरुष घायल हुआ। ट्रेनों में प्रयागराज की लगातार भीड़ चल रही है जिसको लेकर कुछ अवैध वेंडर भी ट्रेनों में सक्रिय है। जिन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही जिससे उनके हौसले बुलंद है।

**ग्राम बेहडीकला मे मनाया गया ग्राम उत्सव कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ब्लॉक समन्वयक बड़वारा श्रीमती नंदनी वाटिया के नेतृत्व में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महगावा (बरछैका ) हरभगत सिंह राठौर के द्वारा जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केसवाल जीके अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि जनपद बड़वारा उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच सुरेश कुमार विश्वकर्मा, जनपद सदस्य विनय नागवंशी, मनोज तिवारी मंडल अध्यक्ष, जनपद पंचायत बड़वारा पंचायत इंस्पेक्टर उदयभान दहिया, सुदामा प्रसाद यादव एवं ग्राम की बुजुर्ग विश्वेश्वर सिंह गौड़ समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम उत्सव कार्यक्रम मां सरस्वती जी के चित्र मे फूल माला एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

पूजा उपरांत कार्यक्रम के विषय से नवांकुर संस्था प्रमुख हरभगत के द्वारा अवगत कराया गया। तदुपरांत महिलाओं की नींबू दौड़ प्रतियोगिता, शासकीय कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों के बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, मेंटर्स नवांकुर संस्था प्रमुख सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स के बीच रस्साकसी जैसे-देसी खेलों का आयोजन के साथ ही ग्रामीण महिलाओं के द्वारा गोड़ी गाथा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहन लोकगीत नृत्य प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के इसी क्रम में ब्लॉक समन्वयक कटनी बालमुकुंद मिश्रा द्वारा आदर्श ग्राम की परिकल्पना को लेकर विषय में प्रकाश डाला गया! जिला समन्वयक द्वारा सभी शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन के साथ ही जन सहयोग के साथ किए जाने वाले कार्यों को को बताते हुए उन्हें संरक्षित रखना का प्रयास कैसे करें पर प्रकाश डाला गया! उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे जी द्वारा ग्राम उत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए परिषद को शुभकामनाएं दी गई। इसी प्रकार ग्राम सरपंच द्वारा भी कार्यक्रम की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम उपरांत सभी प्रतिभागी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त सभी को प्रमाण पत्र मेडल शील्ड देकर सम्मानित किया गया साथ ही सहभोज कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार द्वारा किया गया विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नवान्कुर संस्था रघुवीर सिंह, मेंटर्स धनीराम कुशवाहा शबनम बानो, दुर्गा प्रसाद केवट, कंछेदी कोरी, प्रियंका रजक बेहडीकला प्रस्फुटन समिति सदस्य कमलेश तिवारी बहादुर सिंह केतकी बाई गंगोबाई, बेला बाई,कलाबाई जीवंत सिंह सुधा सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स राजेश चौधरी, मुकेश कॉल अनुराधा सतनामी फिजा, मांडवी सिंह, साक्षी कुशवाहा, लक्ष्मी केवट आदि उपस्थित रहीं।

# स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेलवे स्टेशन में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुरक्षा को देखते हुए चौकसी बढ़ाई गई है। कटनी और मुरवारा रेलवे स्टेशन में महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जमा हो रही है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और उनकी सुविधा का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा सहित कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, आरपीएफ, सीआरपीएफ एवं कटनी पुलिस बल के साथ कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन एवं मुरवारा रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। जहां पर उन्होंने आरपीएफ थाना प्रभारी से यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा श्रद्धालुओं, यात्रियों से अपील की गई कि वे रेलवे स्टेशन में बनी पीली लाइन को क्रॉस न करें, रेल सेफ्टी से संबंधित नियमों का पालन करें, जब तक ट्रेन रुक न जाए, ट्रेन के दरवाजे न खुल जाए भगदड़ न करें। साथ ही पुलिस अधीक्षक कटनी ने निर्देशित किया कि सीनियर ऑफिसर्स लगातार मौके पर विजिट करते रहे, रेल्वे कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार अनाउंसमेंट करते रहे। ट्रेन की जो सूचना है कि कौन सी ट्रेन, किस प्लेटफार्म पर आना है वह निश्चित है उसमें अंतिम क्षणों में कोई बदलाव न हो ताकि यात्रीगण परेशान न हों। उन्होंने हॉस्पिटल की टीम और फायर ब्रिगेड स्टेशन में उपलब्ध रखने हेतु निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### युवक के एटीएम से उड़े 20 हजार

**कोतमा।** कोतमा निवासी युवक दुर्गेश कुमार गुप्ता के खाते से एटीएम कार्ड का उपयोग कर अनूपपुर रेलवे स्टेशन में किसी अज्ञात बदमाश के द्वारा बीस हजार रुपए निकाले जाने का मामला सामने आया है। फरियादी के खाते से बड़ी रकम उड़ जाने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 5 निवासी दुर्गेश गुप्ता अपना खाता चेक किया तो 20 हजार रुपए कम रहा बैंक में शिकायत करने पर जानकारी दी गई कि आपके खाते से अनूपपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित एटीएम से रकम निकाला गया हैं। घर में ही खाता होना व सभी सदस्यों के द्वारा कोतमा में ही होने के बाद भी अचानक रुपए निकल जाने को लेकर परिवार के लोग आश्चर्य चकित हो गये। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### महिला के लापता होने को लेकर थाने में दर्ज कराई शिकायत

**कोतमा।** थाना अंतर्गत सड्डी गांव में रहने वाली 27 वर्षीय महिला के लापता होने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। संजय साहू के द्वारा थाना पहुंच सूचना दी गई की 27 वर्षीय महिला पति सागर साहू जो कि घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसकी तलाश पास पड़ोस रिश्तेदार सहित संभावित जगहों में भी की गई ना मिलने के बाद थाने में सूचना देने पर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 14/25 में कायमी करते हुए महिला की तलाश में जुट गई है।

### फांसी के फंदे में झूलता मिला युवक का शव

**कोतमा।** थाना अंतर्गत कनवाही गांव में रहने वाले 24 वर्षीय युवक मोहन पाव पिता श्याम नारायण के द्वारा अपने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। युवक के अचानक मौत की खबर से आसपास सनसनी फैल गई। घटना की सूचना राम दिलावन पांव के द्वारा थाना में दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचे शव पंचनामा एवं पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतक कुछ दिनों से मानसिक रूप से ज्यादा परेशान रहता था। जिसके बाद उसका शव घर के अंदर साड़ी में फांसी के फंदे में झूलते पाया गया।

### दोना-पत्तल एवं लिफाफे बनाने के लिए आयोजित किया कार्यशाला

**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा में शनिवार को महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दोना-पत्तल एवं कागज के लिफाफे बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करना एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने पारंपरिक और प्राकृतिक संसाधनों से निर्मित दोना-पत्तल और पुनःचक्रित कागज से लिफाफे बनाने की विधि सीखी। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सोनवानी द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए हमें ऐसे टिकाऊ और पारंपरिक उपाय अपनाने होंगे, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हों, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करें। कार्यशाला के माध्यम से छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भरता की दिशा में भी आगे कदम बढ़ा सकते हैं। महाविद्यालय के ईको क्लब प्रभारी डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, दोना-पत्तल और कागज के लिफाफे बनाने की यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरण हितैषी है, बल्कि इसके माध्यम से युवा स्वरोजगार के अवसर भी तलाश सकते हैं। हमें प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी पर्यावरण संतुलित बना रहे। कार्यशाला में महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा टोपी, बैच तथा जूट का थैला प्रदान किया गया।

---

दो जिलों की पुलिस और चार थानों की टीम के बावजूद पुलिस के अब तक हाथ खाली

# महाकुंभ जा रहे स्कार्पियो वाहन से नवयुवक की मौत



## डेढ़ किलोमीटर तक युवक को घसीटते हुये दर्दनाक मौत देकर वाहन फरार



**अनूपपुर।** महाकुंभ जाने के लिए धमाचौकडी करते हुए हजारो वाहन दिन-रात आवागमन कर रहे हैं, जिसकी चपेट में आने से नवयुवक की न केवल दुर्घटना हुई, बल्कि गाडी में फंसाकर घटीसते हुए डेढ किलोमीटर दूर पहुंचा दिया, जिससे तडपते हुए उसकी जान निकल गई। मार्ग में सीसीटीव्ही, टोल प्लाजा होने के बाद भी वाहन अज्ञात है। हालांकि पुलिस और स्थानीयजन प्रयासरत है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नही लगा है। शनिवार की रात्रि जिले के अमलाई क्षेत्र में ऐसा दर्दनाक सडक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में 18 वर्षीय गोलू यादव की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक को टक्कर मारी, लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह किसी के भी सिहरने के लिए काफी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलू की बाइक टकराने के बाद सडक पर गिर गई, लेकिन उसका कोई अंग स्कॉर्पियो से फंस गया और चालक ने गाड़ी रोकी तक नहीं। निर्दयता की हद पार करते हुए वाहन चालक ने उसे करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते हुए शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र तक पहुंचा दिया। युवक का क्षत-विक्षत शव रेलवे क्रॉसिंग के पास सडक पर गिरा मिला।

### गुस्साये परिजनों ने घंटों जाम किया सड़क

घटना के बाद जब लोगों ने युवक की हालत देखी तो आक्रोशित हो गए। स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों ने सडक पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनकी मांग थी कि जब तक स्कॉर्पियो वाहन और चालक की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे शव को नहीं उठाने देंगे। स्थिति बिगड़ते देख अनूपपुर और शहडोल दोनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने तत्काल कई थाना प्रभारियों को घटनास्थल पर भेजा। धनपुरी, अमलाई, चचाई और अनूपपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की।

### सीसीटीवी से भी सुराग नही जुटा पाई पुलिस

दर्दनाक हादसे के बाद चचाई पुलिस ने तत्काल स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों के साथ दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन अब तक स्कॉर्पियो वाहन और उसके चालक का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। हैरानी की बात यह है कि घटना रात 9:40 बजे हुई, जब सडक पर अंधेरा नहीं था क्योंकि शहरी क्षेत्र होने के कारण जगह-जगह लाइट जल रहे थे और चहल-पहल भी बनी रहती है। बावजूद इसके वाहन की पहचान न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महाकुंभ मेले के चलते हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ पासिंग गाड़ियां इस मार्ग से गुजर रही हैं, लेकिन इतनी भीड़ के बावजूद जिम्मेदारों ने यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

### परिजनों की टूट रही उम्मीदें

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों में अनूपपुर एसडीओपी, तहसीलदार भावना डहरिया, धनपुरी टीआई खेमचंद, अमलाई आईटीआई जेपी शर्मा, बुढार थाना प्रभारी संजय जयसवाल समेत कई अन्य अधिकारी शामिल थे। उन्होंने परिजनों को समझाने की कोशिश की कि जल्द से जल्द आरोपी वाहन और उसके चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। काफी समझाइश के बाद परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजने की अनुमति दी। लेकिन खबर लिखे जाने तक स्कॉर्पियो वाहन का कोई अता-पता नहीं चल सका है, जिससे मृतक के परिवार की उम्मीदें धीरे-धीरे टूट रही हैं।

### लापरवाही का नतीजा

स्थानीय नागरिकों और परिजनों ने प्रशासन से सवाल किया है कि आखिरकार इतनी बड़ी संख्या में महाकुंभ में गुजरने वाले वाहनों की निगरानी के लिए कोई बैरिकेडिंग या सीसीटीवी क्यों नहीं लगाए गए? अगर समय रहते उचित व्यवस्थाएं होतीं, तो शायद यह घटना नहीं होती। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या पुलिस इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ पाएगी या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

### इधर कोतमा में मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

शनिवार की शाम रेलवे स्टेशन के समीप कलमुडी के पास डाउन ट्रैक लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक अमन हवारी पिता अख्तर (मुन्ना) हवारी की दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। उक्त घटना शाम 5:30 बजे के आसपास बताई जा रही है। घटना की खबर सुन आस पड़ोस व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटना स्थल रेलवे लाइन के पास एकत्र हो गई। पुलिस व रेलवे पुलिस के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचते हुए शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत पीएम हेतु भेजा गया। बताया जाता है कि मृतक स्थानीय गेराज में काम करता था शनिवार अवकाश होने के कारण वह काम में नहीं गया था।



---

# रामनगर पुलिस ने कबाड़ चोरों को दबोचा

## 2 आरोपियों से 14 क्विंटल लोहा कबाड़ व एक पिकअप जप्त




**राजनगर।** 23 फरवरी को फरियादी रविशंकर शर्मा पिता स्व. चक्रधर शर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी न्यू राजनगर के द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि झिरिया यूजी खदान के बैंकर के बगल में पड़े लोहा कबाड़ को पिकअप के० सीजी 16 ए 0591 के चालक विजय कुमार सोनी पिता बसंत लाल सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी भालूगुड़ार बिजुरी के द्वारा 01 टन लोहा कवाड़ चोरी करके पिकअप में लोड़ कर स्टेडियम तरफ भाग रहा था जिसे पीछा कर पकड़ा गया रिपोर्ट पर अपराध कं० 44/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया तथा प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी चालक विजय कुमार सोनी से उक्त चोरी का लोहा कबाड़ तथा पिकअप जप्त किया गया जिससे पूछताछ पर उक्त पिकअप आशीष कुशवाहा निवासी बिजुरी का होना तथा उसी के कहने पर कबाड़ चोरी करना बताया जो प्रकरण में आशीष कुशवाहा को आरोपी बनाया गया है। विवेचना के दौरान बिजुरी जाकर आरोपी आशीष कुशवाहा के घर की तलाशी लेने पर पिक अप से जप्त शुदा लोहा से मिलता जुलता 05 क्विंटल लोहा कबाड़ जप्त किया गया है। इस प्रकार प्रकरण में कुल लोहा कबाड़ डेढ़ टन (14 क्विंटल) कीमती 56,000 रुपए एवं पिकअप कीमती 04 लाख रुपए कुल 4,56,000/- रुपए का जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के द्वारा अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के पालन में उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर उपनिरी, सुमित कौशिक के नेतृत्व में प्रआर० सनत द्विवेदी, अमित पटेल, योगेन्द्र मिश्रा, आर० मनोज उपाध्याय, विजय मेरावी, विनोद मरावी, अनुराग सिंह, अनुराग भार्गव का योगदान रहा।

---

# क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में धिरौल को मात देकर खैरहा बना विजेता

### धिरौल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच के साथ समापन



**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत धिरौल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच संपन्न हो गया। शहीद बसंत सिंह की स्मृति में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मीक राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदासपुरी, बरगवां नगर परिषद के पार्षद वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेदक पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह, उपसरपंच धिरौल प्रवीण सिंह, प्रदेश महामंत्री जीतेन्द्र सोनी, शिवरतन वर्मा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी, भारतीय जनता मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष पीयूष पटेल, युवा नेता एवं आयोजक राजा पटेल, युवा मोर्चा से जीतेन्द्र भट्ट, प्रदीप मिश्रा, मनीष वितारी, जय दीक्षित, अटल व्यहर, राजकुमार पटेल, संजीव प्रजापति, राम की सेना संगठन के प्रमुख सर्वेश पटेल, प्रतिष्ठित व्यवसायी त्रिभुवन पटेल, प्रतिष्ठित अखबार राज एक्सप्रेस के संभागीय ब्यूरो सीताराम पटेल सहित सैकडों की संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

### खैरहा की टीम ने लहराया परचम

फाइनल प्रतियोगिता में ग्राम धिरौल और खैरहा टीम के बीच खेला गया। 15 ओव्हरो के इस मैच में धिरौल टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला की, जहां पहली पारी में खैरहा बैटिंग करते हुए 143 रनों का लक्ष्य धिरौल टीम के सामने रखी। ग्राम धिरौल की टीम के द्वारा लक्ष्य का पीछा करते हुए 119 रन में ऑल आउट हो गई। फाइनल के इस प्रतियोगिता में विजेता के रूप में खैरहा ने 31 हजार रूपए का ईनाम पाया वही उपविजेता रही धिरौल की टीम को 16 हजार रूपए नगद पुरूष्कार के साथ सभी खिलाडियों को सील्ड व मैडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया। वही क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान एम्पायर के रूप में विनोद पटेल तथा रमेश्वर प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

---

# भारत स्काउट एवं गाइड्स के जनक के जन्मदिन का आयोजन संपन्न



**अमरकंटक।** मां नर्मदा के उद्गम तट पर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकंटक में 22 फरवरी को प्रभारी प्राचार्य डीएस सेंगर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ₹भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जनक लॉर्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पावेल का जन्म दिवस प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा स्काउट एवं गाइड के जनक लॉर्ड बेडेन पावेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरूआत की गई। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक वाहिद शेख के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी को लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड के माध्यम से छात्र-छात्राओं में मानवीय एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है, जो अत्यंत लाभकारी है। विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा स्काउट्स एवं गाइड्स के महत्व व उनके नियम, प्रतिज्ञा, बांए हाथ से सैल्यूट करने की जानकारी को साझा किया, जो बहुत ही सराहनीय कार्य रहा। गाइड कैप्टन व हिंदी शिक्षिका श्रीमती मनोरमा कौशल ने अपने उद्बोधन के माध्यम से बेडेन पावेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में सेवा, आत्मनिर्भरता, आत्मबल, आत्मसम्मान, साहस, प्रेम, धैर्य जैसे भावों का विकास होता है, जो कि प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर डीएस सेंगर, आरके झा, एसके सोनी, माहेश्वर कुमार द्विवेदी, एचपी पटेल, रमेश कुमार सिंह, के० कुमार, आशीष कुमार, सचिन कुमार जाटव, कमलेश कुमार देवकटे, अतुल सिंह चौहान, सतानंद तिवारी, मोहनलाल कोरी, हेमराज गुजरे, सूरेबिन दोर्ल्ई, श्रीमती दुर्गेश चंद्रा, श्रीमती मुक्ता शरीन, सुश्री पुष्पारानी पटनायक, सुश्री अनामिका द्विवेदी, श्रीमती मनोरमा कौशल, श्रीमती सीमा त्रिपाठी, श्रीमती प्रीति कोचे, सुश्री अंबिका राय, सुश्री भाग्यश्री साहू, सुश्री हर्षिता मालवी, सुश्री रोशनी द्विवेदी, सुश्री कल्पना यादव एवं विद्यालय के सभी सदस्यगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अध्यक्ष व व्यवस्थापक रमेश कुमार सिंह ने समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं वं समस्त कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। शेख वाहिद ने अपने ओजपूर्ण भाषा शैली व अंदाज में मंच संचालन का कार्यभार संभाला।

---

# कुएं में रिस रहा सीवर लाइन का गंदा पानी



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 नर्मदा मंदिर से लगे तथा गायत्री सावित्री जलधारा के तट से लगे कुआं में सीवर लाइन का दूषित गंदा पानी भरने से तथा उसका पानी उपयोग किए जाने से 6-7 परिवार के 35-40 कई बीमारियों से परेशान एवं जूझ रहे हैं कुआं का गंदा पानी के उपयोग करने से कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। यह तीन-चार माह से लगातार चल रहा है सभी यह समझ रहे थे कि यह मौसम एवं सामान्य बीमारी परेशानी हो सकती है। विगत दिनों कुएं से सटे सीवर लाइन का चैंबर से गंदा पानी कुआं में रिसता हुआ देखा गया तथा कुआं का गंदा बदबूदार पानी देखा तब ही यह माजरा लोगों को समझ में आया। नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष तथा पार्षद भाजपा नेता रामगोपाल द्विवेदी दादू महाराज ने बताया कि कुआं में पास ही के सिविल लाइन चैंबर से गंदा पानी रिसने भरने की जानकारी नगर परिषद अमरकंटक के प्रभारी को भी दी गई है लेकिन अब तक इसमें कोई कारगर कार्यवाही नहीं हो पाई है। उक्त कुआँ का प्रदूषण एवं गंदा पानी के उपयोग से इसके उपयोग कर्ता परिवारों को बुखार, मुंह का रोग, चमडी का पेट का गंभीर बीमारी जैसी शिकायत है तथा कई घर के लोग परेशान है बीमारी से जूझ रहे हैं। जानकारी होने के बाद कुआं का पानी का प्रयोग बंद कर दिया गया है नगर परिषद कार्यालय से पानी का टैंकर मंगा कर उपयोग में लाया जा रहा है। नगर परिषद अमरकंटक के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता रामगोपाल द्विवेदी ने बताया कि कई बार तो नर्मदा मंदिर में भोग प्रसाद बनाए जाने के लिए उक्त कुआं से पानी ले जाया जाता रहा है क्योंकि मंदिर परिसर का कुआं में सुधार चल रहा था पानी गंदा था इसलिए यहां से पानी ले जाया जाता रहा है। दादू महाराज ने आगे कहा कि सीवर लाइन का पाइप बहुत ही छोटा है इससे पानी बह नहीं पाता आए दिन कचरा जाम हो जाता है तथा चैंबर कई जगह टूटा एवं लीकेज है। गौरतलब है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में सीवर लाइन सुचार रूप से नहीं चल पा रहा है इससे आए दिन कोई न कोई दिक्कत परेशानी होती रहती है। पावन सलिला नर्मदा नदी के रामघाट के पास भी सीवर लाइन चैंबर से प्रदूषित गंदा पानी मार्ग में बह रहा है जिससे पर्यटक तीर्थ यात्री चलकर आ जा रहे हैं। भाजपा नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी, कमल यादव, श्याम नारायण यादव आज सभी रहवासियों ने जिला प्रशासन सहित स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से इस दिशा में तत्काल ठोस आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है सीवर लाइन को तत्काल मरम्मत सुधार कराया जाए तथा कुआं में प्रदूषित पानी न जा सके सफाई कराई जाए तथा नर्मदा नदी में गंदा पानी न जाए कार्यवाही की मांग की है।